आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 सोमवार 05.01.2026

मुख्य समाचारः–

1– केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में दलहन और तिलहन फसलों की खरीद के लिए मूल्य समर्थन योजना को दी मंजूरी।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा विकसित भारत– जी राम जी योजना से सशक्त और आत्मनिर्भर बनेंगे राज्य के गांव।

3– विज्ञान और औद्योगिक अनुसंधान विभाग द्वारा धमतरी में ग्रामीण महिलाओं के लिए स्किल सैटेलाइट सेंटर स्थापित किया जाएगा।

4– खेलो इंडिया राष्ट्रीय जनजातीय खेल प्रतियोगिता में टीमों के चयन के लिए कल से रायपुर और बिलासपुर में होंगे ट्रायल।

दलहन–तिलहन–समर्थन मूल्य

केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में दलहन और तिलहन फसलों की खरीद के लिए मूल्य समर्थन योजना लागू करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर, उड़द, मूंग, सोयाबीन और मूंगफली की खरीदी की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्र सरकार के इस निर्णय पर आभार जताते हुए कहा कि इससे राज्य के किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। दलहन–तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

भारत–उत्पादक देश

भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बनने का गौरव हासिल किया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में यह घोषणा की।

चावल के उत्पादन में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। हम नंबर वन बन गए। इस साल हमारा उत्पादन 150.18 मिलियन टन और चीन का 145.28 मिलियन टन। ये चीन को पीछे छोड़ना, एक असाधारण उपलब्धि है। हमारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करके, हमने अन्न के भंडार भर दिए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि अधिक उपज वाली फसलों के विकास में देश को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये नई प्रजातियां जल्द से जल्द किसानों तक पहुंचे। कृषि मंत्री ने कहा कि इनसे किसानों को अधिक उपज और बेहतर गुणवत्ता की फसल प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

जी राम जी योजना

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने के लिए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लाया गया है। श्री चौहान ने तमिलनाडु में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि योजना में लाभार्थियों के लिए रोजगार की अवधि एक सौ दिन से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को भुगतान समय पर मिलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि रोजगार मिलने के पन्द्रह दिन

में लाभार्थियों को राशि का भुगतान नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा ताकि किसानों को लाभ मिलता रहे।

इधर, छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के ग्राम तरौद के ग्रामीण जयप्रकाश यादव ने कहा कि विकसित भारत – जी राम जी योजना बहुत अच्छी योजना है। इस योजना के तहत मांग पत्र भरने वाले मजदूर को यदि काम नहीं भी मिला तो भी भत्ते का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री–जी राम जी योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि विकसित भारत– जी राम जी योजना से गांव सशक्त और आत्मनिर्भर बनेंगे। आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना के तहत मजदूरों को अब एक सौ पच्चीस दिनों का रोजगार मिलेगा। साथ ही ज्यादा मजदूरी मिलेगी, जिसका समय पर भुगतान होगा। इस योजना से छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों को काफी फायदा होगा।

जनदर्शन

रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आठ जनवरी गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

विकसित भारत–प्रदर्शनी

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा बिलासपुर में 'विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस' विषय पर जन–जागरूकता कार्यक्रम और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर गीत और नाट्य विभाग के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें केंद्र सरकार की विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। चित्र प्रदर्शनी 'विकसित भारत' के चार प्रमुख स्तंभ –युवा, महिला, किसान और गरीब'' पर केंद्रित है। यह प्रदर्शनी सात जनवरी तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

धमतरी–स्किल सैटेलाइट सेंटर

विज्ञान और औद्योगिक अनुसंधान विभाग द्वारा धमतरी में ग्रामीण महिलाओं के लिए स्किल सैटेलाइट सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए आज विभिन्न साझेदार संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। धमतरी में प्रस्तावित स्किल सैटेलाइट सेंटर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं को प्रौद्योगिकी–आधारित कौशल विकास, उद्यमिता प्रशिक्षण और आजीविका के स्थायी अवसरों से जोड़ना है। यहां महिलाओं को तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण, बाजार से जोड़ने के अवसर और उद्योग स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही प्राथमिक क्षेत्रों में फूड प्रोसेसिंग, वन–आधारित उत्पाद, वस्त्र और हस्तशिल्प, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण तथा डिजिटल सेवाएं शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिला स्व–सहायता समूह, लखपति दीदी योजना, वन धन विकास केंद्र तथा राज्य आजीविका मिशन जैसे प्लेटफॉर्मों को इस स्किल सैटेलाइट सेंटर के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को उद्यम स्थापित करने, ऋण सुविधा प्राप्त करने और विपणन सहयोग मिलने के अवसर उपलब्ध होंगे।

राष्ट्रीय मीडिया अवॉर्ड

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता शिक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया संस्थानों को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड–दो हजार पच्चीस के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इच्छुक मीडिया संस्थान सात जनवरी तक अपनी प्रविष्टियां नई दिल्ली स्थित भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय में भेज सकते हैं। इसके अलावा प्रविष्टियां ई–मेल के माध्यम से भी प्रेषित की जा सकती हैं।

ईडी–संपत्ति कुर्क

शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने तत्कालीन आबकारी आयुक्त आईएएस अधिकारी निरंजन दास और तीस अन्य आबकारी अधिकारियों की अड़तीस करोड़ रूपए से ज्यादा चल–अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई यह कार्रवाई शराब घोटाले की चल रही जांच का हिस्सा है। ईडी की जांच में पाया गया है कि इस घोटाले में इकतीस आबकारी अधिकारियों ने पचासी करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की।

महिला बाल विकास मंत्री–पत्रकारवार्ता

महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि विगत दो वर्षों में राज्य सरकार ने महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करने के साथ ही सामाजिक कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। आज नवा रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की उनहत्तर लाख से ज्यादा महिलाओं को अब तक चौदह हजार तीन सौ सात करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के कारण कुपोषण में उल्लेखनीय कमी आई है। वहीं, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत अब तक पन्द्रह हजार से अधिक युवतियों का विवाह कराया गया है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया राष्ट्रीय जनजातीय खेल प्रतियोगिता में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए कल छह जनवरी से आठ जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में ट्रायल किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में सात खेलों को शामिल किया गया है। इनमें वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में होगा। वहीं, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों का ट्रायल बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा।

आईईडी–विस्फोट ग्रामीण घायल

बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक ग्रामीण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। विस्फोट में इस युवक के पैर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद इस युवक को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोरचोली स्थित कैंप लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बीजापुर जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

वन क्षेत्र–आरोपी गिरफ्तार

अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित कोर जोन क्षेत्र में हथियार लहराने और गोलीबारी करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों से दो एयर राइफल और एक वाहन जब्त किया गया है। वहीं, इस मामले में वन विभाग ने विभागीय कार्रवाई करते हुए बैरियर गार्ड को हटा दिया है और संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

संक्षिप्त समाचार

– रायपुर स्थित शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के बालरोग विभाग में कल छह जनवरी को पुष्य नक्षत्र पर बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

– उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कल कबीरधाम जिले में राजनांदगांव रेंज और जिले के पहले साइबर थाने का शुभारंभ किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>